भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4343
19.08.2025 को उत्तर के लिए नियत

भेल त्रिची कर्मचारी अस्पताल का उन्नयन

4343. **श्री दुरई वाइको:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली स्थित भेल टाउनशिप के कर्मचारियों और निवासियों की भेल कर्मचारी अस्पताल के आधुनिकीकरण और उन्नयन की लंबे समय से चली आ रही मांग की जानकारी है;
(ख) अस्पताल में बुनियादी ढांचे, कर्मचारियों की संख्या, चिकित्सा उपकरणों और विशेष सेवाओं की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सरकार इसके लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित करने की योजना बना रही है; और
(घ) यदि हाँ, तो भेल त्रिची अस्पताल के उन्नयन की अपेक्षित समय-सीमा और दायरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)

(क): बीएचईएल, त्रिची में अस्पताल शीर्ष समिति है, जिसमें नामित यूनियन प्रतिनिधि और प्रबंधन प्रतिनिधि शामिल हैं, जिसकी अस्पताल सेवाओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों और अस्पताल में आवश्यक सुधारों पर विचार-विमर्श के लिए समय-समय पर बैठकें होती हैं। कर्मचारियों के कल्याण और जन कल्याण के लिए स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना सहित सुविधाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन, समिति द्वारा निर्धारित निर्णयों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है।

(ख): बीएचईएल, त्रिची अस्पताल में नियमित और संविदात्मक दोनों श्रेणियों के 54 डॉक्टर कार्यरत हैं, जिनमें विजिटिंग कंसल्टेंट, 257 पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। अस्पताल में एनेस्थिसियोलॉजी, नेत्र रोग, हड्डी रोग, रेडियोलॉजी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग आदि जैसे प्रमुख स्वास्थ्य विभाग हैं, जो आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और बुनियादी ढाँचे से सुसज्जित हैं। इसके अलावा, बीएचईएल त्रिची अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं

के अलावा, कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, स्पाइनल इंजरी, डायलिसिस, हड्डी रोग, नवजात शिशु, कैंसर उपचार आदि के लिए 16 सूचीबद्ध अस्पतालों के माध्यम से चिकित्सा आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है।

(ग) और (घ): कर्मचारियों की स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को पूरा करने के लिए आवश्यकता के आधार पर निधियों का वार्षिक आवंटन किया जाता है।

*****